कम से कम कितने प्रतिशत नम्बर लेना आवश्यक होता है ; और

(ग) क्या इस विषय में रेलवे बोर्ड की ओर से भी कोई आदेश जारी किये गये हैं ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां। स्टेशन मास्टरों/सहायक स्टेशन मास्टरों के पुनश्चर्या प्रशिक्षण के लिए जिला मुख्यालयों में कोई व्यवस्था नहीं है।

(ख) अन्तिम परीक्षा में पास होने के लिए हर पर्चे में कम से कम 60 प्रतिशत नम्बर पाना जरूरी है।

(ग) जी नहीं ।

पश्चिम रेलवे के विरार और सफाला स्टेशनों के बीच फ्लैग स्टेशन

2789. **श्री बसवन्त** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम रेलवे के विरार और सफाला स्टेशनों के बीच वैतरणा नामक फ्लैग स्टेशन के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय किया जा चुका है ; और

(क) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है

रेलवे मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शाम नाथ) : (क) और (ख). सुख सुविधा के आधार पर यात्री यातायात के लिए विरार और सफाला स्टेशनों के बीच "वैतरना ब्लाक हट" खोलने का निश्चय किया गया है ।

पश्चिम रेलवे से कहा गया है कि वह इस मामले में आगे कार्रवाई करे ।

नमकागार (साल्ट पान्स)

2790. **श्री बसवन्त**: क्या उद्योग तथा संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों में नमकागारों (साल्ट पान्स) के लिये पट्टे पर दी गई भूमि के लिये प्रति एकड़ किस दर पर किराया लिया जा रहा है ;

(ख) क्या नमक बनाने वाली सहकारी संस्थाओं को इस सम्बन्ध में उतनी ही रियायत दी जा रही है ;

(ग) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र में किराये की दरों में तिगुनी वृद्धि कर दी गई है ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग तथा संभरण मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री विभुधेन्द्र मिश्र): (क) केन्द्रीय सरकार की भूमि से सम्बन्धित एक विवरण सभा-पटल पर रखा गया है। **[पुस्तकालय में रखा गया, देखिये संख्या एल० टी० 4986/65]**

(ख) जी हां, जैसा कि विवरण से स्पष्ट है ।

(ग) जी नहीं, जहां तक केन्द्रीय सरकार की जमीनों का सम्बन्ध है ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

D.B.K. Railway Line

2791. **Shri Chandak:**
Shri Radhelal Vyas:
Shri Bhanu Prakash Singh:

Will the Minister of **Railways** be pleased to state:

(a) whether the D.B.K. railway line has been constructed keeping in view the heavier load of carrying equipment for the steel plant at Bailadilla;

(b) if so, whether this fact was brought to the notice of the Anglo-American Consortium; and

(c) if not, the reasons therefor?